दिनांकः 04.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली से 62 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली युवा–केंद्रित विभिन्न पहलों की सौगात देंगे।
- राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के मंहगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की–बढ़ा हुआ भत्ता 1 जुलाई से देय होगा।
- प्रदेश की बिजली कम्पनियों ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए विद्युत शुल्क में कमी की।
- राज्य में निरामय राजस्थान अभियान के तहत विभिन्न जागरुकता गतिविधियां–मौसम बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए आज से विशेष अभियान।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली से 62 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली युवा–केंद्रित विभिन्न पहलों की सौगात देंगे। युवाओं के कौशल विकास की एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत प्रधानमंत्री देश भर के एक हज़ार सरकारी आईटीआई संस्थानों के उन्नयन हेतु पीएम–सेतु का शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नवोदय विद्यालयों और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में स्थापित एक हज़ार दो सौ व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री कौशल दीक्षांत समारोह में आईटीआई टॉपर्स को भी सम्मानित करेंगे। श्री मोदी बिहार की पुनर्गठित मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का भी शुभारंभ करेंगे। इसके अंतर्गत पांच लाख स्नातकों को दो वर्षों तक एक हज़ार रुपये का मासिक भत्ता दिया जाएगा।

000

राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते डीए में 3 प्रतिशत की बढोतरी की है। सरकार के इस फैसले से अब डीए 55 से बढकर 58 फीसद हो गया है। इससे प्रदेश के 8 लाख कार्मिक और 4 लाख 40 हजार पेंशनर्स लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल इस संबंध में वित्त विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। सातवें वेतनमान के तहत बढा हुआ महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2025 से देय होगा। इस महीने के बढे हुए भत्ते का अगले महीने से नकद भुगतान किया जाएगा, जबकि जुलाई से सितम्बर तक तीन महीने की राशि कर्मचारियों के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी। पेंशनरों को 1 जुलाई से ही महंगाई राहत का नकद भुगतान किया जायेगा।

पंचायत समिति तथा जिला परिषद के कर्मचारियों को भी इसका फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इसे कर्मचारियों के लिए दीपावली का उपहार बताते हुए कहा कि इस निर्णय से सरकार पर लगभग 1 हजार 230 करोड़ रुपए का वार्षिक वित्तीय भार आएगा। गौरतलब है कि हाल ही में केन्द्र सरकार ने भी अपने कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी की थी।

000

चिकित्सा विभाग ने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना में वितरित की जा रही कायसन फार्मा की खांसी सिरप सहित 19 प्रकार की दवाओं के वितरण पर रोक लगा दी है। विभाग ने अन्य दवा कम्पनियां, जो डेक्स्ट्रोमैथॉर्फन मिली खांसी की दवा सप्लाई करती है, उनके वितरण पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने खांसी सिरप की गुणवत्ता के संबंध में लगातार मिल रही शिकायतों के चलते औषधीय नियंत्रक को भी निलंबित कर दिया है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मामले की गहन जांच और कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने बताया कि ड्रग कंट्रोलर ऑफ इंडिया ने छोटे बच्चों को डेक्स्ट्रोमैथॉर्फन दवा नहीं दिये जाने की सलाह दी थी।

000

प्रदेश में चल रहे शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है। इसी कड़ी में कल कोटपूतली बहरोड जिले के पावटा और प्रागपुरा में लगे शिविरों का नगरीय विकास और स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने निरीक्षण किया। उन्होंने आमजन से संवाद कर अधिकारियों को तत्परता के साथ शिकायतों को दूर करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर श्री खर्रा ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ये शिविर लगाये गये हैं।

..............

000

राज्य में दिसम्बर में होने जा रहे प्रवासी राजस्थानी दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। जयपुर में होने वाले इस समारोह से पहले देश–विदेश के प्रमुख शहरों प्रवासी राजस्थानी मीट आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

000

राज्य सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को राहत देते हुए विभिन्न श्रेणियों में विद्युत शुल्क में कमी की है। इससे आमजन को सस्ती दर पर बिजली मिलेगी, वहीं उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश के तीनों विद्युत वितरण निगमों जयपुर, जोधपुर और अजमेर ने मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए अप्रैल महीने में राजस्थान विद्युत नियामक आयोग को अपनी टैरिफ याचिकाएं प्रस्तुत की थीं, जिस पर नियामक आयोग ने ये निर्णय किया है। नए विद्युत शुल्क में प्रतिमाह 50 यूनिट तक विद्युत उपभोक्ताओं के लिए पौने पांच रुपये प्रति यूनिट शुल्क यथावत रखा गया है। जबकि 51 से 150 यूनिट प्रतिमाह उपभोक्ताओं के लिए विद्युत शुल्क 50 पैसे प्रति यूनिट घटाकर 6.00 रुपये प्रति यूनिट कर दिया गया है। इस तरह डेढ सौ से 300 यूनिट स्लैब वाले उपभोक्ताओं के एनर्जी चार्ज में 35 पैसे प्रति यूनिट की राहत दी गई है।

000

प्रदेश में निरामय राजस्थान अभियान के तहत कम तेल ज्यादा सेहत थीम पर विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक, डॉ. अमित कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता गतिविधियों के लिए कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर को जिम्मेदारी दी गई है।

इस दौरान स्कूलों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर हेल्थ एण्ड वेलनेस से संबंधित कार्यक्रम होंगे। इधर, मौसम बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए आज से विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत आशा सहयोगिनियां, एएनएम और चिकित्साकर्मी घर–घर सर्वे कर लोगों को जागरुक करेंगे।

000

कांग्रेस के दिग्गज नेता और प्रतिपक्ष के पूर्व नेता रामेश्वर डूडी का लंबे इलाज के बाद आज निधन हो गया। 62 वर्षीय श्री डूडी लम्बे अरसे से कोमा में चल रहे थे। वे बीकानेर से सांसद रहे और नोखा से विधायक चुने गये। इसके अलावा वे बीकानेर जिला प्रमुख भी रहे। उनके निधन पर कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री डूडी के गहरा दुख जताते हुए शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के निधन पर शोक जताते हुए इसे पार्टी के लिए गहरी क्षति बताया है।

000

आज से विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। दस अक्टूबर तक मनाये जाने वाले जागरुकता सप्ताह के तहत मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। डांग क्षेत्र करौली में मानसिक स्वास्थ्य इकाई की ओर से जागरुकता कार्यक्रम रखे गये हैं।

000